आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 10.04.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–पचपदरा रिफाइनरी के माध्यम से राजस्थान देश की ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत स्तम्भ बनेगा।
- केन्द्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल–सामान्य प्रशासन अधिनियम, 2026 अधिसूचित किया।
- प्रदेश के तीन जिले दौसा, राजसमंद और बारां आज अपना स्थापना दिवस मना रहे है।
- विश्व होम्योपैथी दिवस आज मनाया जा रहा है–इस बार का विषय है सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पचपदरा रिफाइनरी के माध्यम से राजस्थान देश की ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत स्तम्भ बनेगा। साथ ही इससे प्रदेश के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। वे कल मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 21 अप्रैल को प्रस्तावित बालोतरा यात्रा की तैयारियां को लेकर अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री बालोतरा में देश के पहले एचपीसीएल इंटीग्रेटेड रिफानरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का शुभारम्भ करेंगे। वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही रिफाइनरी से उत्पादित एलपीजी प्रोडक्ट्स के टैंकर्स को भी हरी झंडी दिखायेंगे। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल पर आगन्तुकों के बैठने की व्यवस्था पेयजल, चिकित्सा, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग और सुरक्षा सहित विभिन्न इंतजाम करने को कहा। साथ ही रिफाइनरी परिसर में वृक्षारोपण के संबंध में भी निर्देश दिए। पचपदरा में भी प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही है। कल विभिन्न अधिकारियों ने रिफाइनरी और सभास्थल का जायजा लिया।

....

सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल –सामान्य प्रशासन अधिनियम, 2026 अधिसूचित कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल इसको मंजूरी दी। नए अधिनियम में 50 प्रतिशत पद भारतीय पुलिस सेवा से महानिरीक्षक के पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। साथ ही न्यूनतम 67 प्रतिशत पद अपर महानिदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान किया गया है। नवगठित कानून का उद्देश्य केंद्रीय पुलिस बलों, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी में ग्रुप ए जनरल ड्यूटी अधिकारियों और अन्य कर्मियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाली एक व्यापक और समान प्रणाली स्थापित करना है। अधिनियम में केंद्र सरकार को भर्ती और सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। यह किसी भी परस्पर विरोधी कानून, न्यायालय निर्णय या पूर्व प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर देगा।

औषधि विभाग के संयुक्त सचिव सत्यप्रकाश टी.एल. ने कहा है कि देश में आवश्यक औषधि सामग्रियों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग मिलजुलकर काम कर रहे हैं। पश्चिम एशिया संकट पर कल नई दिल्ली में श्री सत्यप्रकाश ने कहा कि सरकार ने औषधि उद्योग को सहायता देने और आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए 40 पेट्रो रसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क समाप्त कर दिया है। वहीं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि पोत 'ग्रीन आशा' एलपीजी लेकर कल नवी मुंबई पहुंच गया। उन्होंने बताया कि इसने 5 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। उधर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

....

प्रदेश के तीन जिले दौसा, राजसमंद और बारां आज अपना स्थापना दिवस मना रहे है। वर्ष 1991 में आज ही के दिन तीनों जिले अस्तित्व में आये। दौसा को जयपुर जिले से अलग कर राज्य के 29वें

जिले के रूप में पहचान मिली। वहीं राजसमंद को उदयपुर से अलग कर नया जिला बनाया गया। साथ ही कोटा से अलग कर कृषि प्रधान जिला बारां बनाया गया था। हमारे बारां संवाददाता ने बताया कि वहां स्थापना दिवस के सिलसिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। शाम को मलखेडी रोड स्थित टाउन हॉल में सांस्कृतिक संध्या रखी गई है।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तीनों जिलों के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी है।

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम प्रकरणों की सुनवाई का समय बदल दिया है। अधिनियम–2001 की धारा 104 और 107 के तहत् दर्ज अपील या निगरानी के प्रकरणों की सुनवाई का समय 13 अप्रेल से सुबह 11 बजे से होगा। ये व्यवस्था 28 जून तक लागू रहेगी। गौरतलब है कि पहले ये सुनवाई दोपहर ढाई बजे से होती थी।

प्रदेश में 'राज–काज' ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से फरवरी और मार्च महीने में राज्य स्तर पर आठ लाख 34 हजार से अधिक ई–फाइलों का निपटारा किया गया है। इसी डिजिटल मंच के जरिए इस साल जनवरी में आठ लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने अपनी अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाइन जमा किया है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा विकसित इस प्रणाली से राज्य के 71 विभागों और 57 हजार से अधिक कार्यालयों को जोड़ा गया है और अब तक 47 लाख से ज्यादा ई फाईल्स बनायी जा चुकी है।

आज विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. हैनिमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विश्व होम्योपैथी दिवस 2026 का विषय है "सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी"। होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. ऋतु धाकड ने आकाशवाणी समाचार में बातचीत में बताया कि होम्योपैथी पद्धति से रोग का ईलाज जड़ से होता है और यह पूरी तरह से प्राकृतिक है।

.....

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा। ये मैच गुवाहाटी के ए.सी.ए. स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले कल एक अन्य मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हरा दिया। 182 रन के लक्ष्य के जवाब में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने तीन विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

तीसरी अंतर–जिला रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता कल जयपुर की रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित की गई। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में हुई इस प्रतियोगिता में सात टीमों के 112 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी और बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेलों में अपना कौशल दिखाया। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।